सार-समाचार

## शराब दुकान हटाने की मांग



**गंगापुर सिटी,** (निसं)। वजीरपुर उपखंड क्षेत्र की नवीन ग्राम पंचायत शेखपुर के छगड़ा गांव में ग्रामीणों ने शराब दुकान के कंटेनर को आबादी क्षेत्र से हटाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने उपखंड अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि शराब दुकान का कंटेनर मुख्य मार्ग पर मंदिर के समीप स्थित है, जिससे गांव की शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में बताया गया है कि शराब दुकान के आसपास दिनभर शराब पीने वालों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावकों में भी अपनी बेटियों को स्कूल और कॉलेज भेजने को लेकर चिंता का माहौल है। पूर्व सरपंच उदयभान शेखपुर ने बताया कि शराब दुकान के कारण गांव का सामाजिक वातावरण नकारात्मक रूप से प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने यह भी उल्लेख किया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है। हाल ही में मंदिर से घंटों की चोरी की घटना के बाद लोगों में आक्रोश है। उनका मानना है कि मंदिर के नजदीक शराब दुकान का संचालन धार्मिक और सामाजिक दोनों दृष्टियों से अनुचित है। ग्रामीणों ने जनहित, महिला सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द को ध्यान में रखते हुए शराब दुकान के कंटेनर को गांव से हटाकर किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। उपखंड अधिकारी ने इस मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## वृक्षारोपण व श्रमदान किया

**भरतपुर,** (निसं)। सर्व समाज महासभा एवं ब्रजभूमि कल्याण परिषद के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरूवार को ठंडी सड़क स्थित पंचवटी पार्क व श्री नर्बदेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर वृक्षारोपण, श्रमदान एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्व समाज महासभा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल भारद्वाज मुख्य वक्ता रहे जबकि मुख्य अतिथि समाजसेवी हरभान लवानियां, विशिष्ट अतिथि मुरारी लाल अध्यक्ष ब्रजभूमि कल्याण परिषद, सेवानिवृत विकास अधिकारी राजेन्द्र दंडोतिया थे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अनिल भारद्वाज ने विश्व पर्यावरण दिवस की चर्चा करते हुए कहा कि पुरातन काल से ही सनातन हिन्दू धर्म प्रकृति पूजक है। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म में पीपल, बरगद, तुलसी सहित अनेकों पेड़ पौधों की पूजा की जाती है। इस अवसर पर उन्होंनें पर्यावरण रक्षक जोधपुर जिले के खेजड़ली गांव की साहसी महिला अमृतादेवी विश्नोई का जिक्र करते हुए बताया कि वर्ष 1730 में पेड़ों की रक्षा के लिये 362 अन्य विश्नोई समाज के महिला पुरूषों सहित उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने बताया कि पर्यावरण के क्षेत्र में उनके सर्वोच्च बलिदान के लिये भारत सरकार द्वारा अमृतादेवी विश्नोई वन्यजीव संरक्षण पुरूस्कार दिया जाता है। उन्होंने कहा कि ब्रजभूमि कल्याण परिषद विगत् 25 वर्षो से बृज क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिये कार्य कर रहा है। उन्होंने भरतपुर में चल रहे नवीन विकास कार्यो के लिये मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने आमजन से अपने घर के आसपास अथवा पार्क में अधिक से अधिक पौधारोपण करने एवं साफ सफाई रखे जाने का आठाह भी किया जिससे वातावरण हराभरा, स्वच्छ एवं सुन्दर बन सके। समारोह में सर्वप्रथम कार्यक्रम की भूमिका उमेश गोयल ने रखी। इस अवसर पर श्री नर्बदेश्वर महादेव मंदिर परिसर एवं पंचवटी पार्क में सभी ने एक-एक पौधारोपण किया एवं मंदिर एवं पार्क परिसर की साफ सफाई भी की। कार्यक्रम का संचालन प्रेमचंद लवानियां ने किया। इस अवसर पर ध्रुव खंडेलवाल, बलराम पाराशर, तनु शर्मा, माधव भारद्वाज, कृष्णा, दीपक शर्मा आदि उपस्थित थे।

## स्वनिधि महोत्सव का आयोजन

**भरतपुर,** (निसं)। राजस्थान ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय भरतपुर द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत एक विशेष ऋण वितरण शिविर स्वनिधि महोत्सव का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स एवं छोटे व्यवसायियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा उन्हें स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सिद्धान्त मिश्रा ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य स्ट्रीट वेंडर्स को बिना किसी कठिनाई के आसान ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि राजस्थान ठाामीण बैंक सदैव आमजन एवं छोटे व्यापारियों के आर्थिक उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है तथा बैंक द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, नगर निगम भरतपुर के आयुक्त श्रवण कुमार विश्नोई उपस्थित रहे। उन्होंने योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर छोटे व्यापारियों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिलती है तथा वे आत्मविश्वास के साथ अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक पात्र स्ट्रीट वेंडर्स से योजना का लाभ लेने की अपील की।शिविर के दौरान राजस्थान ठाामीण बैंक शाखा नुमाइश रोड, भरतपुर के शाखा प्रबंधक सौरभ पाठक द्वारा कुल 31 स्ट्रीट वेंडर्स को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण वितरित किया गया। इस योजना के माध्यम से लाभार्थियों को अपने व्यवसाय को विकसित करने एवं आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने का अवसर प्राप्त हुआ।

## छात्रवृति के आवेदन 30 जून तक

**करौली,** (निसं)। सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के सहायक निदेषक श्रवण कुमार मीना ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 अन्तर्गत आवेदन एवं शिक्षण संस्थाओं से संबंधित कार्यों की अंतिम तिथि 30 जून कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पोर्टल पुनः शुरू कर दिया गया है।

# डीग में ओंकार सिंह लखावत ने विकास कार्यों का जायजा लिया

**डीग,** (निसं)। डीग जिले के पौराणिक महत्व के स्थलों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और परिक्रमार्थियों के लिए जनसुविधाओं के विस्तार की कड़ी में गुरुवार को राजस्थान धरोहर प्राधिकरण, जयपुर के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत एवं जिला कलेक्टर डीग मयंक मनीष ने पूंछरी में संचालित तथा भविष्य के लिए प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों की धरातलीय प्रगति का व्यापक जायजा लिया। पूंछरी क्षेत्र के प्राचीन एवं सांस्कृतिक स्वरूप को पूर्णतः अक्षुण्ण रखते हुए श्रद्धालुओं की सुगमता के लिए दीर्घकालिक बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान पूंछरी क्षेत्र के कायाकल्प के लिए तैयार किए गए वृहद मास्टर प्लान, निर्माण कार्यों की रूपरेखा और विकास के विभिन्न चरणों की लखावत द्वारा व्यापक समीक्षा की गई। क्षेत्र के प्रमुख आध्यात्मिक केंद्रों, ऐतिहासिक धरोहरों तथा नागरिक अवसंरचना से जुड़े समस्त आयामों पर विस्तृत विमर्श हुआ। विशेष रूप से आस्था के मुख्य केंद्रों यथा नरसिंह मंदिर परिसर एवं पूंछरी का लौठा मंदिर के आस-पास की व्यवस्थाओं तथा कौथरा गेट सहित मुख्य पहुंच मार्गों के सुदृढ़ीकरण से जुड़े पहलुओं का अवलोकन किया गया। परिक्रमा मार्ग में सुनियोजित प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, मुख्य प्रवेश प्लाजा के भव्य स्थापत्य, सांस्कृतिक महत्ता को दर्शाती कलाकृतियों व स्कल्पचर्स की स्थापना, वर्षा जल के कुशल प्रबंधन हेतु सुदृढ़ जल निकासी प्रणाली तथा सड़क मार्गों के जीर्णोद्धार से संबंधित संपूर्ण कार्ययोजना और उनकी व्यावहारिक उपयोगिता को रेखांकित करते हुए संबंधित एजेंसियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने निरीक्षण के दौरान प्राचीन विरासतों के संरक्षण के साथ-साथ आधुनिक जनसुविधाओं के इस प्रकार समावेशन पर विशेष बल दिया, जिससे इस पावन स्थल की मूल आध्यात्मिक आभा और ऐतिहासिक महत्ता को कोई क्षित न पहुंचे। वहीं जिला कलेक्टर ने विकास कार्यों से जुड़े समस्त विभागीय अधिकारियों और कार्यकारी एजेंसियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्यों को निर्धारित तकनीकी मापदंडों, सर्वोत्कृष्ट गुणवत्ता और पूर्ण पारदर्शिता के साथ समयबद्ध तरीके से निष्पादित किया जाए।



**ओंकार सिंह लखावत एवं जिला कलेक्टर डीग मयंक मनीष ने पूंछरी में संचालित तथा प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों की धरातलीय प्रगति का जायजा लिया।**

## सड़क हादसे में दो घायल

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। वजीरपुर उपखंड में हिंडौन-गंगापुर सिटी मुख्य मार्ग पर गुरुवार दोपहर करीब 4 बजे बोलेरो और ब्रेजा कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। यह हादसा वजीरपुर थाना परिसर से लगभग 700 मीटर दूर वजीरपुर कस्बे की दिशा में हुआ। दुर्घटना में दोनों वाहनों में सवार दो लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और घायलों को वाहनों से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) वजीरपुर पहुंचाया। सीएचसी में डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक इलाज दिया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए गंगापुर सिटी रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात को सुचारू कराया।

# रूपवास में महिला पर जंगली जानवर का हमला

**भरतपुर,** (निसं)। जिले के रूपवास क्षेत्र में लेपर्ड की मौजूदगी को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। रूपवास थाना क्षेत्र के गांव चक सामरी में देर रात शौच के लिए घर से बाहर गई एक महिला पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में भय व्याप्त है, हालांकि वन विभाग की प्रारंभिक जांच में लेपर्ड की बजाय लकड़बग्घे (हायना) के हमले की संभावना जताई गई है।

जानकारी के अनुसार गांव चक सामरी निवासी गुड्डी पत्नी जगदीश देर रात शौच के लिए घर से बाहर गई थीं। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे किसी जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। महिला के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के ठाामीण मौके पर पहुंचे। लोगों की आहट सुनते ही जानवर वहां से भाग निकला, जिससे महिला की जान बच गई। घायल महिला को उपचार के लिए रूपवास उप जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।

घटना के बाद ठाामीणों ने आशंका जताई कि हमला लेपर्ड ने किया है। ठाामीणों का कहना है कि कुछ दिन पहले घाटौली की पहाड़ियों में भी एक लेपर्ड दिखाई दिया था। उनका मानना है कि पहाड़ियों के रास्ते यह वन्यजीव रूपवास क्षेत्र के खनन इलाकों तक पहुंचा है। घाटौली से लेकर चक सामरी तक फैले पहाड़ी क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लेपर्ड की गतिविधियां देखी जा रही हैं।

ठाामीणों ने वन विभाग से तत्काल कार्रवाई कर क्षेत्र में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और वन्यजीव को पकड़ने की मांग की है। गांव के सरपंच रोहतम सिंह ने भी वन विभाग के अधिकारियों को घटना की जानकारी देकर गश्त बढ़ाने की मांग की है।

वहीं, वन विभाग के एसीएफ सुरेश चौधरी ने बताया कि मामले की जांच के लिए क्षेत्रीय वन अधिकारी को मौके पर भेजा गया था। महिला के बयान और घटनास्थल के निरीक्षण के आधार पर फिलहाल लेपर्ड के बजाय लकड़बग्घे (हायना) के हमले की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है। उन्होंने बताया कि महिला को केवल नाखूनों से हल्की खरोंच आई है और उपचार के बाद वह अपने घर पर है।

एसीएफ चौधरी के अनुसार पगमार्क और अन्य भौतिक साक्ष्यों के आधार पर भी हायना की मौजूदगी के संकेत मिले हैं। वन विभाग ने ठाामीणों को सतर्क रहने और किसी भी वन्यजीव की गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल सूचना देने की अपील की है। साथ ही जिन क्षेत्रों में वन्यजीव की अधिक गतिविधि देखी जा रही है, वहां पिंजरे लगाए जा रहे हैं और जरूरत के अनुसार उनकी लोकेशन बदली जा रही है। वन विभाग का कहना है कि यदि वन्यजीव पिंजरे में कैद होता है तो उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा। फिलहाल वन विभाग की टीम क्षेत्र में निगरानी बनाए हुए है और लेपर्ड की पहचान तथा उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

# निजी स्कूलों को मिले अतिरिक्त कक्षाओं की अनुमति

- **अभिभावकों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर पढ़ाई जारी रखने की मांग की**

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। अभिभावकों ने निजी शिक्षण संस्थानों को ग्रीष्मकालीन अवकाश और अन्य छुट्टियों के दौरान अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने की अनुमति देने की मांग की है। इस संबंध में अभिभावकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी बृजेंद्र मीणा को मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में शिक्षा का क्षेत्र अत्यधिक प्रतिस्पर्धी हो गया है। विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन, अभ्यास और शिक्षकों के मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। लंबे अवकाशों के कारण पढ़ाई की निरंतरता प्रभावित होती है, जिससे छात्रों की शैक्षणिक प्रगति पर प्रतिकूल असर पड़ता ळें अभिभावकों ने उल्लेख किया कि हाल ही में कुछ राजकीय स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जिसे सकारात्मक पहल माना जा रहा है। वहीं, निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों की सहमति और विद्यार्थियों की स्वैच्छिक सहभागिता के आधार पर अतिरिक्त अध्ययन की व्यवस्था करने पर विभागीय नोटिस और कार्रवाई की जा रही है, जिससे अभिभावकों में असंतोष है।ज्ञापन में मांग की गई कि यदि अभिभावक स्वयं अपने बच्चों को अतिरिक्त अध्ययन के लिए विद्यालय भेजना चाहते हैं और विद्यार्थी भी स्वेच्छा से कक्षाओं में भाग लेना चाहते हैं, तो निजी शिक्षण संस्थानों को भी ऐसी कक्षाएं संचालित करने की अनुमति दी जाए। उन्होंने राजकीय और निजी स्कूलों के लिए समान एवं न्यायसंगत नीति लागू करने पर जोर दिया। अभिभावकों ने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अभिभावकों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लेगी। उन्होंने अवकाशकालीन अतिरिक्त कक्षाओं के संबंध में संतुलित और न्यायोचित नीति बनाने का आग्रह किया।

## अभियान का समापन आज

**करौली,** (निसं)। जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लखन सिंह ने बताया कि 5 जून को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 का समापन होगा जिसके तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके तहत वन विभाग द्वारा जिले में हरियालो राजस्थान हेतु पूर्व तैयारी जैसे गडढे खोदना, विभागीय योजना में निर्मित एवं पूर्ण जल संग्रहण संरचनाओं का अवलोकन व लोकार्पण, तुलसी के पौधों का वितरण, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.1 एवं 2.2 अंतर्गत पूर्ण कार्यों का अवलोकन व लोकार्पण, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.2 एवं 2.3 अंतर्गत नवीन कार्यों को स्वीकृत करना एवं प्रारम्भ करना, वीबी जी राम जी योजना अंतर्गत कार्यों को प्रारम्भ करना, नर्सरियों का विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन होगा।

सार-समाचार

## पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**करौली,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में राज्य मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सात दिवसीय कार्यक्रमों का प्रारंभ हुआ।सीओ स्काउटअनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय द्वारा राजस्थान प्रदेश में विश्व पर्यावरण दिवस को उत्साह के साथ मनाया जा रहा हैं राज्य मुख्यालय जयपुर द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार सात दिवसीय कार्यक्रमों के तहत प्रथम दिवस निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान राज्य भारत स्काउट ब गाइड जिला मुख्यालय करौली द्वारा राजकीय बापू उच्च प्राथमिक विद्यालय करौली में आयोजित किया जा रहे ठाीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर पर किया गया जबकि 5 जून को भाषण नारा लेखन क्विज प्रतियोगिता के आयोजन के साथ-साथ संगोष्ठी एवं रैली का आयोजन किया जाएगा 5 जून को ही वृक्षारोपण किया जाएगा 6 जून को परिंदों के लिए परिंडा अभियान जबकि 7 जून को सभी बालक बालिकाओं को प्रेरित कर परिंदों के लिए चुग्गा अभियान का प्रारंभ किया जाएगा 8 जून को सभी बालक बालिका एन अपने-अपने घर पर एक-एक वृक्ष लगाएंगे एवं 9 जून को पारितोषिक वितरण कर अभियान का समापन किया जाएगा। सी ओ स्काउट करौली के अनुसार विश्व पर्यावरण दिवस की थीम  प्रकृति से प्रेरित जलवायु के लिए हमारे भविष्य के लिए रखी गई है जिसके लिए बच्चों को प्रेरित किया जाएगा एवं उनको अवगत कराया जाएगा की जलवायु हमारे भविष्य के लिए कितनी आवश्यक है 4 जून को आयोजित निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता में बालक बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं अपने विचारों को कलम के माध्यम से कागज पर लिखा एवं सीट पर रंगों के माध्यम से उकेरा।इस अवसर पर नृत्य प्रशिक्षक साक्षी शर्मा ब्यूटीशियन प्रशिक्षक प्रियंका शर्मा सिलाई प्रशिक्षक कमलेश शर्मा मेहंदी प्रशि क्षक प्रियंका भारद्वाज पेंटिंग प्रशिक्षक आशु शर्मा राज्य पुरस्कार गाइड कीर्ति सोनी राज्य पुरस्कार रोवर नितेश माली गौरव सोनी आदि उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला स्तरीय बैठक

**सपोटरा/करौली,** (निसं)। राउमावि कुडगांव सपोटरा एवं रामद्वारा करौली में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ करौली की जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा मुख्य अतिथि के रूप में और सीडीईओ सर्वेश गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बुधवार को संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश पुष्करणा के आगमन पर कुडगांव में सपोटरा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लखनलाल मीना, डीएलसीओ रामावतार मीना ,अध्यक्ष दिनेश चंद मीना,प्रेमराज मीना,अशोक कुमार मीना ने प्रदेश अध्यक्ष दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया।करौली में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गिरधारी लाल नामा ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद पुष्कराणा ने कहा कि हमें शिक्षकों को अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा से कार्य करना चाहिए,राष्ट्र हित में शिक्षा में परिवर्तन के लिए शैक्षिक चिंतन आवश्यक है,विद्यालय परिक्षेत्र में अभिभावकों से विद्यार्थी हित में संपर्क जरूरी हैं उन्होने,संविदा कार्मिकों को स्थाई करने,पदोन्नित,वेतन विसंगति तथा ठाीष्मावकाश कटौती रुकवाने आदि बिन्दुओं पर संगठन की सरकार से वार्ता हुई है सर्वेशकुमार गुप्ता सीडीईओ करौली ने कहा कि हमें अपने कर्म पर विशेष ध्यान देना चाहिए,हर परिस्थिति में अच्छे से अच्छा कार्य करना चाहिए,विद्यालयों में घटते नामांकन पर चिंता प्रकट की,शिक्षकों को परिस्थियों में नामांकन बढ़ाने पर जोर देना चाहिए,विभिन्न शिक्षक मुद्दो पर विस्तार से चर्चा हुई,बैठक में जिला एवं ब्लॉक कार्य करणी से सैकडों शिक्षक उपस्थित रहे,जिलाध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## प्रीति जांगिड़ को पीएची की उपाधि

**भरतपुर,** (निसं)। महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिन्दी विभाग से शोधार्थी प्रीति जाँगिड़ ने श्स्त्री विमर्श के संदर्भ में प्रभा खेतान और मधु कांकरिया के कथा साहित्य का तुलनात्मक अध्ययनश् विषय पर पीएच.डी. उपाधि हेतु शोध कार्य सम्पन्न किया।इस शोध विषय पर महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय,भरतपुर ने सफल मौखिकी उपरांत शोधार्थी को पीएच.डी.हिन्दी की उपाधि प्रदान की है।डॉ.प्रीति जाँगिड़ ने बताया कि उन्होंने यह शोध कार्य हिन्दी विभाग के प्रोफेसर एवं शोध निर्देशक डॉ.अशोक कुमार गुप्ता के निर्देशन में पूरा किया। डॉ. जाँगिड़ ने बताया कि स्त्री- विमर्श आज के बौद्धिक विमर्श का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह शोध कार्य 21वीं सदी की दोनों प्रमुख महिला कथाकारों के कथा साहित्य में स्त्री की स्थिति व उसके संघर्षमय जीवन की दयनीय स्थिति का चित्रण कर नवीन मूल्यों की स्थापना करना रहा है। डॉ.प्रीति जाँगिड़ मूलतः डीग की रहने वाली है तथा वर्तमान में नागालैंड में राजकीय सेवा में नवोदय विद्यालय अंतर्गत स्नातकोत्तर शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य का श्रेय अपने पिता श्याम सुंदर शर्मा, माता कमलेश शर्मा,प्रेरणा स्त्रोत अर्जुन चौधरी एवं अपने शोध निर्देशक को दिया।

## विरोध प्रदर्शन किया

**भरतपुर,** (निसं)। राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान शाखा भरतपुर के बैनर तले सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भरतपुर कलैक्ट्रेट एवं जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान राज्य सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई गई एवं जोरदार नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधि मण्डल ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं महानिदेशक पुलिस के नाम ज्ञापन जिला कलक्टर भरतपुर एवं जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर को सौंपा गया। संस्थान के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में आरोप लगाया है कि 25 मई को चित्तौडगढ जिले के डूँगला थाना में सहकारिता मंत्री गौतम दक ने थानाधिकारी एवं अन्य कानिस्टेबिल के साथ सार्वजनिक रूप से गाली गलोंच, अमर्यादित व्यवहार और राज्य कार्य में बाधा पहुँचाने जैसी घटनाएँ कीं। प्रतिनिधि मण्डल ने इस प्रकरण को पुलिस व कानून व्यवस्था के लिए चिंताजनक बताते हुए मंत्री के विरूद्ध शीघ्र एवं उचित कार्यवाही की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व संस्थान के संभागीय अध्यक्ष हरीसिंह, संरक्षक भगवान सिंह व जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर वरि0 उपाध्यक्ष रामप्रसाद भारद्वाज, सचिव गिरधारीलाल गुप्ता, महासचिव श्याम सिंह, पूरन सिंह, कार्यालय मंत्री परशुराम शर्मा, प्रवक्ता किशनलाल, दूल्हेराम, लक्ष्मन सिंह, बृजेश शर्मा, रामदयाल, हरभान सिंह, गोविन्द सिंह, लोकेन्द्र सिंह, भीम सिंह सह सचिव आदि उपस्थित रहे।

## रात्रि चौपाल कार्यक्रम जारी

**करौली,** (निसं)। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने आदेश जारी कर बताया कि जून माह में होने वाली रात्रि चौपाल कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार, 05 जून को मण्डरायल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत दरगवां, गुरूवार 11 जून को पंचायत समिति मासलपुर की ग्राम  पंचायत खूडा, शुक्रवार 12 जून को पंचायत समिति सपोटरा की ग्राम पंचायत लूलौज, शुक्रवार 19 जून को पंचायत समिति हिण्डौन की मण्डावरा ग्राम पंचायत तथा गुरूवार, 25 जून को पंचायत समिति टोडाभीम की ग्राम पंचायत निसूरा में सायं 6 बजे से रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई आयोजित की जाएगी

## बैठक आयोजित

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (स्कूल शिक्षा) सवाई माधोपुर जिले की जिला बैठक गुरुवार को गंगापुर सिटी में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा, प्रदेश महिला मंत्री गीता जेलिया और जिला प्रभारी निधि छीपा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बैठक में प्रदेश महिला मंत्री गीता जेलिया ने नई शिक्षा नीति के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला और शिक्षकों को इसकी विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त सभी खंडों की कैश बुक का ऑडिट भी किया गया। जिला प्रभारी निधि छीपा ने संगठन में हुए नवीन परिवर्तनों और प्रदेश स्तर से प्राप्त निर्देशों की जानकारी साझा की। इस बैठक में जिले के सभी खंडों से अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष और जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लिया। जिला संगठन मंत्री बजरंगलाल गुर्जर ने संगठन की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बैठक में जिला महिला मंत्री सुगनबाई कोली, सवाई माधोपुर नगर अध्यक्ष हुकुमनामा, कोषाध्यक्ष अखिलेश, ग्रामीण अध्यक्ष शिवदयाल मीणा, गंगापुर सिटी से अरविंद जैन, चौथ का बरवाडा से अध्यक्ष श्रवण सहित अनेक मौजूद रहे।

# हिण्डौन सिटी में सैकड़ों व्यावसायिक संस्थान, फायर सेफ्टी सिस्टम सिर्फ 37 में !

- **50 से अधिक संस्थानों को नगर परिषद ने जारी किया नोटिस**
- **जिला चिकित्सालय में ही नहीं अपडेट फायर सेफ्टी सिस्टम**

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। दिल्ली के मालवीय नगर की होटल एवं बिहार के मुजफ्फर नगर के निजी हॉस्पिटल में 26 लोगों की मौतों के बाद भी हिण्डौन सिटी में जिम्मेदार विभागों की नींद पूरी तरह नहीं टूटी है। उपखण्ड मुख्यालय पर सैकडो की संख्या होटल, कोचिंग संस्थान, लाइब्रेरी, हॉस्पिटल, मॉल और अन्य व्यावसायिक संस्थानों संचालित हैं, लेकिन फायर एनओसी लेने वालों की संख्या ऊंट के मुंह में जीरा जैसी नजर आ रही है। अकेली हिण्डौन नगर परिषद के आंकडे बताते हैं कि मार्च 2025 से मई 2026 तक शहर में सिर्फ 37 संस्थानों के लिए ही फायर एनओसी जारी की गई है, जबकि बड़ी संख्या में संस्थान बिना अग्नि सुरक्षा प्रमाणन के ही संचालित हो रहे हैं।

हाल ही में नगर परिषद ने 100 से अधिक बड़े संस्थानों का सर्वे किया तो हकीकत सामने आ गई। इनमें बड़ी तादाद में विभिन्न संस्थान बिना फायर एनओसी के चल रहे हैं। नगर परिषद सूत्रों के अनुसार लगभग 50 से अधिक संस्थानो को फायर सेफ्टी सिस्टम लगवा कर एनओसी प्राप्त करने के लिए नोटिस जारी किए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि आग लगने पर एक छोटी सी चिंगारी मिनटों में विकराल रूप ले सकती है। इसके बावजूद कई संचालक फायर सिस्टम और एनओसी को महज कागजी औपचारिकता मान रहे हैं। सवाल यह है कि दिल्ली और बिहार जैसी त्रासदी के बाद भी यदि जिम्मेदार विभाग और संस्थान नहीं चेते तो क्या हिण्डौन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?

बड़ी बात यह है कि हिण्डौन सिटी का जिला चिकित्सालय उपखंड ही नहीं बल्कि जिले का सबसे बड़ा अस्पताल माना जाता है, जहां प्रतिदिन 3 से 4 हजार मरीज चिकित्सकीय उपचार और परामर्श के लिए आते हैं, यंहा भी अपडेट फायर सेफ्टी सिस्टम नहीं लगा है। हालांकि नगर परिषद की ओर से जिला अस्पताल प्रशासन को दो बार इस संबंध में नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं, लेकिन लेकिन सरकारी अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं।

नगर परिषद प्रशासन की ओर से फायर सेफ्टी सिस्टम लगवा कर एनओसी प्राप्त करने के लिए शहर में लगभग 50 से अधिक व्यावसायिक संस्थानों को नोटिस जारी किए हैं। इनमें करीब 15 से 20 निजी स्कूल, 7 पेट्रोल पंप, 12 मैरिज गार्डन, 2 निजी अस्पतालों के अलावा माल लाइब्रेरी में कोचिंग संस्थान शामिल हैं। लेकिन नोटिस मिलने के बाद भी संस्थान मालिक या प्रबंधक गंभीरता नहीं दिख रहे हैं।

सूत्रों की मानें तो फायर सेफ्टी सिस्टम लगवाने और एनओसी प्राप्त करने तक की प्रक्रिया में उलझने के बजाय व्यवसायिक संस्थानों के मालिक या प्रबंधक सीधे तौर पर नगर परिषद के जिम्मेदारों से संपर्क साध सांठ गांठ कर लेते हैं, जिससे लेट लतीफी चलती रहती है और आखिरकार फायर सेफ्टी सिस्टम लग नहीं पाता और आकस्मिक हादसे भी घटित हो जाते हैं। इसलिए नगर परिषद प्रशासन को हादसों को रोकने के लिए लचीलापन छोड़कर फायर सेफ्टी सिस्टम लगवाने के मामले में लापरवाह बने व्यवसायिक संस्थानों के खिलाफ सख़्ती से कदम उठाए जाने चाहिए।

नगर परिषद से प्राप्त जानकारी के अनुसार हिण्डौन सिटी में सिर्फ 5 होटल, 15 हॉस्पिटल, 3 पेट्रोल पंप, 5 बीयर बार, 5 कॉलेज, एक मैरिज गार्डन, एक स्कूल एवं दो शॉपिंग मॉलों में ही फायर सेफ्टी सिस्टम लगे हुए हैं। जिनको अधिकृत रूप से एनओसी जारी की गई है। जबकि बड़े पैमाने पर व्यवसायिक संस्थान फायर एनओसी नियमों का मखौल उडा रहे हैं।

हेमराज गुर्जर, एसडीएम एवं आयुक्त नगर परिषद, हिण्डौसिटी ने बताया कि  होटल, अस्पताल से लेकर सभी प्रकार के व्यावसायिक संस्थानों में फायर सेफ्टी सिस्टम अनिवार्य हैं, लेकिन शहर में बड़ी संख्या में ऐसे संस्थान है जिन्होंने फायर सेफ्टी के इंतजाम नहीं कर रखे हैं।

लगभग 50 संस्थानों को नगर परिषद की ओर से पूर्व में ही नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं। अब इस मामले में सख़्ती से कार्रवाई की जाएगी। इसलिए अपील की जाती है कि ज्यादा से ज्यादा संस्थान अपने परिसर में फायर सेफ्टी सिस्टम लगवा कर एनओसी प्राप्त करें।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति विशिष्ट श्रेणी
गंगापुर सिटी-322201 (जिला-सवाई माधोपुर) राजस्थान
क्रमांकः-कृ.उ.म.स./2026-27/22550766 दिनांकः- 01.06.2026
आवंटन विज्ञप्ति संशोधन
कृषि उपज मण्डी समिति, गंगापुर सिटी के मुख्य मंडी प्रांगण में निर्मित 10 दुकानों हेतु द्वितीय एवं पश्चातवर्ती चरण के आवंटन हेतु जारी विज्ञप्ति क्रमांक 51-55 दिनांक 23.04.2026 के कॉलम संख्या 13 पर वर्णित **जैविक खेती करने वाले सीधी खरीद के अनुज्ञापत्रधारी कृषक उत्पादक संगठन क० के स्थान पर जैविक खेती उत्पादक कृषक** पढा जावे, साथ ही आवेदन प्राप्त करने एवं आवेदन जमा कराने की अंतिम दिनांक 18.06.2026 तक बढाई जाती है।
राज.संवाद/सी/26/4146 सचिव

कृषि महाविद्यालय, खैमरी, बसेडी, धौलपुर
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)
क्रमांक :- प.( )/भण्डार/कृमब/2026/297 दिनांक :- 02/06/2026
खुली निविदा सूचना
कृषि महाविद्यालय, बसेड़ी के वित्तीय वर्ष 2026-27 में श्रमिक आपूर्ति से संबंधित खुली निविदा प्रपत्र वेबसाईट **http://sppp.rajasthan.gov.in and www.sknau.ac.in** से डाउनलोड किया जा सकता है एवं देखा जा सकता है। पूर्ण रूप से भरी हुई निविदाए दिनांक 10.06.2026 समय सुबह 11:00 बजे तक जमा करवायी जा सकती है, प्राप्त निविदाए दिनांक 10.06.2026 को सुबह 11:30 बजे टेंडर समिति द्वारा खोली जाएगी।
UBN: SKN2627WSOB00036, NIB CODE- SKN2627A0038
राज.संवाद/सी/26/4140 अधिष्ठाता